बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

पत्र सं0–सि0को0 179/10– 429 /पटना, दिनांक– 11/7/2016

ारिक रूप
रामर्शित

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः– ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रण के कम में जल संसाधन विभाग के विभिन्न प्रमण्डलों/कार्यालयों द्वारा संवेदक से प्राप्त परिमाण विपत्रों के मूल्य (बेल्ट्रॉन के सेवा–शुल्क सहित) के लोक लेखा शीर्ष K 8782-00-102-0001, K 8782-00-102-0002, K 8782-00-102-0003 एवं K 8782-00-102-0005 के अन्तर्गत जमा की गई राशि में से बेल्ट्रॉन सेवा–शुल्क की राशि की निकासी कर सेवा–शुल्क के रूप में ₹ 5,61,93,708.00 बेल्ट्रॉन को भुगतान की स्वीकृति।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–सि0को0–179/10–317 दिनांक–09.06.2014 एवं पत्रांक–सि0को0–179/2010–268 दिनांक–11.04.2016।

आदेश– स्वीकृत।

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्रो (छायाप्रति संलग्न) द्वारा ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रण के कम में जल संसाधन विभाग के विभिन्न प्रमण्डलों/कार्यालयों द्वारा दिनांक–01.07.2010 से 31.05.2013 के बीच की अवधि में संवेदक से प्राप्त परिमाण–विपत्रों के मूल्य (बेल्ट्रॉन के सेवा–शुल्क सहित) के लोक लेखा शीर्ष K 8782-00-102-0001 के अन्तर्गत जमा की गई राशि में से बेल्ट्रॉन सेवा–शुल्क की राशि की निकासी कर सेवा–शुल्क के रूप में बेल्ट्रॉन को भुगतान की स्वीकृति एवं मासिक लेखा संधारण की प्रकिया के संबंध में वित्त विभाग एवं महालेखाकार कार्यालय के परामर्श के आलोक में संबंधित कार्यालयों को निदेशित किया गया था।

2. उल्लेखनीय है कि दिनांक–01.04.2014 के प्रभाव से बेल्ट्रॉन सेवा–शुल्क का भुगतान Online/e-Payment के तहत किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के विभिन्न प्रमण्डलों/कार्यालयों द्वारा सूचित किया गया है कि उनके द्वारा ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रण के कम में संवेदक से प्राप्त परिमाण–विपत्र (बेल्ट्रॉन के सेवा–शुल्क सहित) की राशि लोक लेखा शीर्ष K 8782-00-102-0001 के अतिरिक्त अन्य लोक लेखा शीर्ष यथा K 8782-00-102-0002, K 8782-00-102-0003 एवं K 8782-00-102-0005 में भी जमा की गई है। साथ ही दिनांक–31.05.2013 से दिनांक–31.03.2014 की अवधि में प्राप्त परिमाण विपत्र की राशि में से भी बेल्ट्रॉन सेवा–शुल्क की बकाया राशि का भुगतान किया जाना है। संबंधित कोषागारों द्वारा प्रासंगिक विभागीय पत्र द्वारा स्वीकृति के आलोक में सिर्फ लोक लेखा

शीर्ष K 8782-00-102-0001 के अन्तर्गत दिनांक 01.07.2010 से दिनांक 31.05.2013 की अवधि में जमा परिमाण–विपत्र की राशि में से ही बेल्ट्रॉन को देय सेवा–शुल्क की राशि का भुगतान किया जा रहा है। अतः उपरोक्त उल्लेखित अन्य लोक लेखा शीर्ष के अन्तर्गत जमा परिमाण विपत्र की राशि में से दिनांक–01.07.2010 से 31.03.2014 की अवधि में बेल्ट्रॉन सेवा–शुल्क की देय राशि के भुगतान के लिए स्वीकृति हेतु जल संसाधन विभाग के विभिन्न प्रमण्डलों/कार्यालयों द्वारा अनुरोध किया गया है।

3. बेल्ट्रॉन द्वारा दिनांक–01.07.2010 से 31.03.2014 के बीच की अवधि में जल ससांधन विभाग के विभिन्न प्रमण्डलों/कार्यालयों द्वारा आमंत्रित निविदाओं के विरूद्ध बेल्ट्रॉन सेवा शुल्क के रूप में कुल बकाया राशि ₹ 5,61,93,708.00 /– (पॉच करोड़ एकसठ लाख तिरानवे हजार सात सौ आठ) मात्र के भुगतान हेतु अनुरोध किया गया है। प्रमण्डलवार/कार्यालयवार सेवा–शुल्क के बकाया राशि की विवरणी संलग्न है, जिसमें उक्त वर्णित अवधि में बेल्ट्रॉन द्वारा सेवा–शुल्क मद में निर्गत सभी विपत्रों की समेकित राशि अंकित है।

4. बेल्ट्रॉन सेवा–शुल्क की बकाया राशि से संबंधित अवधि की निविदाओं से संबंधित कार्य सम्पन्न हो चुके हैं तथा संबंधित कार्यमद में राशि उपलब्ध नहीं है।

5. उपरोक्त तथ्यों के आलोक में बेल्ट्रॉन सेवा–शुल्क की बकाया राशि जो संबंधित निविदा के परिमाण–विपत्र की राशि के साथ विभिन्न प्रमण्डलों/कार्यालयों द्वारा चालान के माध्यम से लोक लेखा शीर्ष K 8782-00-102-0001, K 8782-00-102-0002, K 8782-00-102-0003 एवं K 8782-00-102-0005 के अन्तर्गत संबंधित कोषागारों में जमा करा दी गई है, के भुगतान हेतु क्रमशः लोक लेखा व्यय शीर्ष L 8782-00-102-0001, L 8782-00-102-0002, L 8782-00-102-0003 एवं L 8782-00-102-0005 से निकासी कर भुगतान करने की प्रकिया के संबंध में वित्त विभाग से परामर्श प्राप्त किया गया।

5. वित्त विभग द्वारा उपरोक्त संदर्भ में कोषागार में चालान द्वारा उक्त मद में जमा राशि की निकासी हेतु निम्नांकित परामर्श दिया गया है–"**परिमाण–विपत्रों से जो राशि प्राप्त हुई थी उसे अभी तक 8782–प्रेषण में जमा दिखलाया गया है तो उक्त राशि मे बेल्ट्रॉन को देय सेवा–शुल्क की राशि को सर्वप्रथम 8443–सिविल जमा में जमा के अन्तर्गत और मुख्यशीर्ष–8782–प्रेषण को डेविट के अन्तर्गत लेखांकित किया जाय और परिमाण विपत्र में जो राज्य की आमदनी है उसे अभी तक राज्य के समेकित निधि में जमा नहीं किया गया हो तो संबंधित राशि को मुख्य शीर्ष 700 अथवा 701 के प्राप्त मद में जमा कराया जाय। बेल्ट्रॉन को देय सेवा शुल्क की राशि का जो चेक निर्गत कर भुगतान होगा उसमें 8443–सिविल जमा को डेविट दिखलाया जाएगा और 8782–प्रेषण को क्रेडिट दिखलाया जायेगा।**

6. तद्नुसार संबंधित प्रमण्डलों/कार्यालयों के कार्यपालक अभियंता/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी चेक के माध्यम से राशि की निकासी कर बेल्ट्रॉन को सेवा–शुल्क की बकाया राशि का भुगतान करना तथा वित्त विभाग के परामर्श के आलोक में मासिक लेखा संधारित कर महालेखाकार कार्यालय को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

7. संबंधित कार्यपालक अभियंता/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उपरोक्त उल्लिखित प्रकिया के अनुसार कोषागार से निकासी हेतु चेक के साथ एक विवरणी भी संलग्न करेंगे जिसमें निविदावार निम्नांकित विवरण अंकित रहेंगे:–

(क) प्राप्त कुल राशि,
(ख) परिमाण–विपत्र की राशि,
(ग) बेल्ट्रॉन को भुगतेय सेवा शुल्क की राशि,
(घ) संबंधित निविदा के तहत पूर्व में बेल्ट्रॉन को भुगतान की गई राशि एवं
(ड़) बेल्ट्रॉन को अवशेष भुगतये राशि

8. संबंधित प्रमण्डलों/कार्यालयों द्वारा बेल्ट्रॉन सेवा–शुल्क का भुगतान बेल्ट्रॉन द्वारा पूर्व में निर्गत विपत्र के आधार पर ही किया जायेगा। यदि कोई विपत्र उपलब्ध न हो, तो विपत्र की द्वितीय प्रति निर्गत करने हेतु बेल्ट्रॉन/नोडल पदाधिकारी, ई–टेन्डरिंग, जल संसाधन विभाग से अनुरोध करेंगे।

9. संबंधित कार्यपालक अभियंता/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अपने कार्यालय अभिलेखों से मिलान कर पूर्व में बेल्ट्रॉन को भुगतान की गई राशि को घटाकर ही अवशेष भुगतेय राशि का भुगतान बेल्ट्रॉन को करेंगे।

10. संबंधित कार्यपालक अभियंता/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी भुगतान के पश्चात् कंडिका '7' में उल्लिखित निविदावार विवरणी तथा भुगतान की गई राशि की विवरणी नोडल पदाधिकारी, ई–टेन्डरिंग, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को भी प्रेषित करेंगे ताकि बेल्ट्रॉन से सेवा–शुल्क की बकाया राशि का सामंजन किया जा सके।

11. दिनांक 01.06.2016 के प्रभाव से जल संसाधन विभाग के पुनर्गठन के क्रम में अभिलेखों तथा दायित्वों (Assets and liabilities) का निर्वहन विभागीय पत्रांक–5/डी.–4–10–01/–2016–1311 दिनांक–13.06.2016 (छायाप्रति संलग्न) में दिए गए निदेश के आलोक में संबंधित Successor कार्यालय द्वारा किया जाना है। अतः पुनर्गठन के क्रम में बेल्ट्रॉन के सेवा शुल्क की बकाया राशि का भुगतान संबंधित Successor कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

उपरोक्त आदेश पर प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।
अनु0:–यथोक्त्।

विश्वासभाजन,
11.7.16
(योगेश्वर धारी सिंह)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक– सि0को0 179/10– 429 /पटना, दिनांक– 11-7-2016.

प्रतिलिपि–सभी अभियंता प्रमुख/सभी मुख्य अभियंता/निदेशक, क्रय एवं सामग्री प्रबंधन/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी संयुक्त निदेशक/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी उप निदेशक, जल संसाधन विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
अनु0:–यथोक्त्।

11.7.16
(योगेश्वर धारी सिंह)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ई–मेल द्वारा

ज्ञापांक–सि0को0 179/10– 429 /पटना, दिनांक– 11-07-2016

प्रतिलिपि–सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0:–यथोक्त्।

(योगेश्वर धारी सिंह)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

ज्ञापांक–सि0को0 179/10– 429 /पटना, दिनांक– 11-07-2016.

प्रतिलिपि–प्रभारी पदाधिकारी, कम्प्यूटर कोषांग, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनु0:–यथोक्त्।

(योगेश्वर धारी सिंह)
संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)

दिनांक-01.07.2010 से दिनांक-31.03.2014 के बीच की अवधि में जल संसाधन विभाग के विभिन्न प्रमण्डलो/अंचलों द्वारा आमंत्रित निविदाओं के विरूद्ध बेल्ट्रॉन सेवा शुल्क के रूप में बेल्ट्रान द्वारा प्रतिवेदित बकाया राशि की विवरणी

क्रम संख्या	प्रमण्डल / कार्यालय का नाम	बेल्ट्रॉन सेवा शुल्क के रूप में बकाया राशि (रूपये में)
1	जल पथ प्रमण्डल, बिहारशरीफ	104991
2	जल पथ प्रमण्डल, एकंगरसराय	77210
3	पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमण्डल, अनिसाबाद	5597
4	पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमण्डल, पटना सिटी	16545
5	गंगा सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमण्डल, दीघा, पटना	244102
6	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, मोकामा शिविर बख्तियारपुर	399749
7	सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमण्डल, बिहटा शिविर खगौल	44944
8	जल पथ अंचल, बिहारशरीफ	148905
9	सोन नहर प्रमण्डल, खगौल	267417
10	फुलवरिया नहर प्रमण्डल, सिरदला	101124
11	ा शोध एवं प्रशिक्षण प्रमण्डल-2, खगौल, पटना	16854
12	सिंचाई यॉत्रिक अंचल, वीरपुर	14607
13	सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, वीरपुर	39223
14	सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल,, वाल्मीकिनगर	17669
15	सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, छपरा	100197
16	सिंचाई यॉत्रिक अंचल, मुजफ्फरपुर	33090
17	सिंचाई यॉत्रिक अंचल, गया कैम्प डेहरी	11030
18	सिंचाई विद्युत सह यॉत्रिक प्रमण्डल, पटना	103371
19	सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, डेहरी	251377
20	सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, बौंसी बॉका	39223
21	सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, समस्तीपुर	22472
22	क्षेत्र यंत्र प्रमण्डल, भागलपुर	8989
23	सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, औरंगाबाद	48315
24	सिंचाई यांत्रिक प्रमण्डल, गया	8989
25	सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, पूर्णियॉ	28090
26	शीर्ष कार्य प्रमण्डल, वीरपुर	1076933
27	पूर्वी तटबंध प्रमण्डल, वीरपुर	779713
28	पश्चिमी तटबंध प्रमण्डल, निर्मली सुपौल	1796730
29	पूवी कोशी तटबंध प्रमण्डल, चन्द्रायण	190620
30	पूर्वी तटबंध प्रमण्डल, सुपौल	246068
31	पश्चिमी तटबंध प्रमण्डल, कुनौली	7721
32	जल निस्सरण प्रमण्डल, कोपरिया	182766
33	पूर्वी तटबंध प्रमण्डल, सं0-2 वीरपुर	911987
34	तिरहुत नहर प्रमण्डल-1, मुजफ्फरपुर	496380
35	तिरहुत नहर प्रमण्डल, हाजीपुर	207488
36	जलपथ प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर	2290683
37	बागमती प्रमण्डल, शिवहर	41429
38	बागमती प्रमण्डल सं0-1, सीतामढ़ी	954483
39	बागमती प्रमण्डल, रून्नीसैदपुर	307951
40	बाढ़ एवं जल निस्सरण प्रमण्डल, लालगंज	2291168
41	जल निस्सरण अनुसंधान प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर	33090
42	जल निस्सरण प्रमण्डल, हाजीपुर	135008
43	जल निस्सरण प्रमण्डल, सीतामढ़ी	115815
44	तिरहुत नहर प्रमण्डल, लालगंज	33708
45	डिहरी प्रमण्डल, डिहरी	211454
46	सोन बराज प्रमण्डल, इन्द्रपुरी	24678

47	सोन नहर प्रमण्डल, विक्रमगंज	628092
48	जमानियाँ पम्प नहर प्रमण्डल, रामगढ़ शिविर मोहनियाँ	253802
49	सोन नहर प्रमण्डल, आरा	857307
50	सिंचाई प्रमण्डल, नावानगर	368541
51	सोन नहर प्रमण्डल, बक्सर	59562
52	गंगा पम्प नहर प्रमण्डल, चौसा	114866
53	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, संख्या–2 आरा	816862
54	सोन नहर आधुनिकीकरण प्रमण्डल, पीरो	1124
55	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, बक्सर	750514
56	दुर्गावती बॉध प्रमण्डल, सं0–2 भीतरी बॉध	253690
57	दुर्गावती बायॉ तट नहर प्रमण्डल, भीतरीबॉध	118175
58	दुर्गावती दायॉ तट नहर प्रमण्डल, चेनारी	184271
59	सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, मभुआ	312361
60	दुर्गावती कार्य प्रमण्डल, सं0–5 चेनारी	103371
61	सिंचाई प्रमण्डल, भागलपुर	830666
62	सिंचाई प्रमण्डल, सं0–2 जमुई	24719
63	सिंचाई प्रमण्डल, सिकन्दरा	135271
64	सिंचाई प्रमण्डल, बिजीखोरवा	278512
65	सिंचाई प्रमण्डल, बौसी (बॉका)	276405
66	सिंचाई प्रमण्डल, तारापुर	429664
67	जलपथ प्रमण्डल, शेखपुरा	165160
68	गंगा पम्प नहर प्रमण्डल, सूर्यगढ़ा शिविर– मुंगेर	11174
69	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, नवगछिया	1533230
70	गंगा पम्प नहर प्रमण्डल, कहलगॉव	32887
71	गंगा पम्प नहर प्रमण्डल, सं0–2 बटेश्वरस्थान शिविर शिवनरायणपुर	197909
72	सिंचाई प्रमण्डल, संख्या–2 झाझा	416856
73	दोन नहर प्रमण्डल, रामनगर	85940
74	तिरहुत नहर अंचल, रक्सौल	6618
75	शीर्ष कार्य प्रमण्डल, बाल्मीकिनगर	56180
76	मुख्य पश्चिमी नहर प्रमण्डल, बाल्मीकिनगर	314355
77	तिरहुत नहर प्रमण्डल, सं0–1 बेतिया	313252
78	तिरहुत नहर प्रमण्डल, सं0–2 बेतिया	65077
79	त्रिवेणी नहर निर्माण प्रमण्डल, नरकटियागंज	367451
80	तिरहुत नहर प्रमण्डल, सं0–1 मोतिहारी	532264
81	ढाका नहर नवीकरण प्रमण्डल, ढाका	156812
82	तिरहुत नहर प्रमण्डल, चकिया	336415
83	चम्पारण प्रमण्डल, मोतिहारी	3844736
84	सिकरहना तटबंध प्रमण्डल, मोतिहारी	427805
85	जल निस्सरण एवं अनुसंधान अंचल, मोतिहारी	49635
86	जल निस्सरण एवं अनुसंधान प्रमण्डल, बेतिया	78364
87	घोड़ासहन नहर प्रमण्डल, रक्सौल	14607
88	जल निस्सरण एवं अनुसंधान प्रमण्डल, मोतिहारी	2247
89	सिंचाई प्रमण्डल, अररिया	347445
90	सिंचाई प्रमण्डल, कटिहार	94023
91	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, कटिहार	1966305
92	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, काढ़ागोला	807368
93	बाढ नियंत्रण प्रमण्डल, सालमारी	1280863
94	जल निस्सरण एवं अनुसंधान प्रमण्डल, पूर्णियाँ	436812
95	सिंचाई प्रमण्डल, मुरलीगंज	33708
96	जल निस्सरण एवं अनुसंधान प्रमण्डल, किशनगंज	1051363
97	जल निस्सरण प्रमण्डल, सहरसा	3309
98	जल निस्सरण प्रमण्डल, दरभंगा	5618
99	बाढ़ नियंत्रण अंचल, समस्तीपुर	91549

100	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, समस्तीपुर	726969
101	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, दरभंगा	1438564
102	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल सं0–1, झंझारपुर	497710
103	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल सं0–2, झंझारपुर	648465
104	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, बेगुसराय	2025160
105	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल–1, खगड़िया	571501
106	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, रोसड़ा	1282804
107	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल संख्या–2, खगड़िया	930917
108	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, दलसिंगसराय	694385
109	पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल सं0–1, सकरी	106742
110	पश्चिमी काशी नहर प्रमण्डल सं0–1, राजनगर	29884
111	कमला नहर प्रमण्डल, जयनगर	59077
112	पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, अन्धराठाढ़ी	33708
113	मुनहरा बराज प्रमण्डल, जयनगर	17978
114	पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, दरभंगा	14607
115	पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, झंझारपुर	337080
116	पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, केवटी	134832
117	पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, खुटौना	15730
118	पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, मधुबनी	11236
119	पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, बेनीपट्टी	42697
120	पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल सं0–2, सकरी	55150
121	जलपथ प्रमण्डल, गया	61654
122	तिलैया नहर प्रमण्डल, वजीरगंज	157707
123	जलपथ प्रमण्डल, घोसी	5618
124	जलपथ प्रमण्डल, जहानाबाद	213630
125	जलपथ प्रमण्डल, उदेरास्थान	222806
126	पुनपुन बराज प्रमण्डल सं0–1, गोह	120227
127	पुनपुन बराज प्रमण्डल सं0–2, गोह	96630
128	पूर्वी सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, टेकारी	30296
129	सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर	44944
130	उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, अम्बा	362923
131	उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर	104495
132	उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल सं0–1, औरंगाबाद	83147
133	उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, मदनपुर शिविर–औरंगाबाद	547193
134	उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, गया	247192
135	सारण नहर प्रमण्डल, मैरवा	99270
136	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, सिवान	160924
137	बाढ नियंत्रण प्रमण्डल –1, मधुबनी, शिविर–पडरौना	1531793
138	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल–3, मधुबनी, शिविर–पडरौना	1078272
139	सारण प्रमण्डल, छपरा	2541513
140	बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, ठकराहा शिविर–गोपालगंज	1576631
141	जल निस्सरण प्रमण्डल, सिवान	31461
142	सारण नहर प्रमण्डल, मढ़ौरा	117978
143	सारण नहर प्रमण्डल, सिवान	134832
144	सारण नहर प्रमण्डल, छपरा	151686
145	निदेशक कय भण्डार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग, पटना	379522
146	योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीप्रेशन प्रमण्डल (मध्य) पटना अनिसाबाद	1103
	कुल बकाया राशि (पॉच करोड़ एकसठ लाख तिरानवे हजार सात सौ आठ रूपये मात्र)	56193708/–